TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

# Important Current Affairs 5th November 2017 in Hindi with PDF

Here's the Hindi version of Important Current Affairs 5th November 2017. Now stay updates about important news and current affairs for SSC, IBPS and more bank & online government exams, in Hindi too! You can also download the **Important Current Affairs 5th November 2017** in Hindi as PDF and save for revision!

## Important Current Affairs 5th November 2017 in Hindi

- **2018 में नोबेल पुरस्कार समारोह की मेजबानी करेगा गोवा**
    - गोवा सरकार ने 'नोबेल पुरस्कार श्रृंखला - भारत 2018 (विज्ञान प्रभाव जीवन)' को आयोजित करने के लिए त्रिपक्षीय समझौता ज्ञापन (MoU) को निष्पादित किया|
    - यह अगले वर्ष फरवरी 1-28 से आयोजित किया जाएगा जिसमें नोबेल संग्रहालय, स्वीडन से लाई गई एक महीने की लंबी प्रदर्शनी होगी|
    - इससे पहले नोबेल श्रृंखला का आयोजन गुजरात में किया गया है|
- **विश्व सुनामी जागरूकता दिवस: 5 नवंबर**
    - 5 नवंबर को विश्व भर में सुनामी जागरूकता दिवस मनाया गया| 2017 WTAD के लिए विषयवस्तु 'प्रभावित लोगों की संख्या कम करना' है|
    - यह दिन विश्व भर के लोगों के बीच सूनामी के खतरों से संबंधित मामलों में जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- 2016 में पहले WTAD को 'प्रभावी शिक्षा और निर्वासन अभ्यास' विषय के साथ विश्व भर में मनाया गया था|

- **एशिया का सबसे बड़ा द्वीप-निर्माण पोत**
    - चीन ने एशिया के सबसे बड़े कृत्रिम द्वीप-निर्माण पोत का अनावरण किया|
    - "मैजिक आइलैंड मेकर" कहा जाने वाला 140 मीटर लंबा पोत, एक घंटे में 6,000 घन मीटर खुदाई करने में सक्षम है|
    - तिआन कुन हाओ, नामक पोत, तीन मानक स्विमिंग पूल के बराबर है|
- **गाइडेड ग्लाइड बम का सफलतापूर्वक परीक्षण**
    - रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (DRDO) और भारतीय वायु सेना (IAF) ने स्वदेशी तौर पर निर्मित हल्के 'ग्लाइड बम' का सफलतापूर्वक परीक्षण किया|
    - चंडीपुर, ओडिशा स्थित इंटीग्रेटेड टेस्ट रेंज से इसका परिक्षण किया गया|
    - 'ग्लाइड बम' का नाम स्मार्ट एंटी-एयरफील्ड वेपन (SAAW) दिया गया है| इसे IAF विमान से प्रक्षेपित किया गया और सटीक नेविगेशन प्रणाली के माध्यम से मार्गदर्शन किया गया|
- **लेबनानी प्रधान मंत्री साद अल-हरीरी का इस्तीफ़ा**
    - लेबनानी प्रधान मंत्री साद अल-हरीरी ने अप्रत्याशित रूप से इस्तीफा दे दिया|
    - साद अल-हरीरी ने अपने इस्तीफे के बाद कहा है कि, उन्हें अपने खिलाफ साज़िश का आभास हो गया था और उन्हें लग रहा था की अगर वे इस पद पर बने रहे तो उनका हश्र भी उनके पिता की तरह ही होगा, जिनकी गोली मार कर हत्या कर दी गयी थी|
    - साद अल-हरीरी 2016 में लेबनान के प्रधान मंत्री बने और 30 सदस्यीय राष्ट्रीय एकता कैबिनेट की अध्यक्षता की|
- **मैरी कॉम बनी युवा WC एम्बेसडर**


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- पांच बार विश्व चैंपियन एम.सी. मैरी कॉम को 19 से 26 नवंबर 2017 तक गुवाहाटी में होने वाली AIBA महिला युवा विश्व चैंपियनशिप 2017 का एम्बेसडर नियुक्त किया गया है|
- यह प्रतियोगिता पहली बार भारत में आयोजित की जाती है|
- 34 वर्षीय मैरी कॉम ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं| वे मणिपुर से हैं|

- **शमिका होंगी प्रधानमंत्री आर्थिक पैनल की सदस्य**
  - ब्रुकिंग्स इंडिया में एक वरिष्ठ अधिकारी, शमिका रवि को प्रधान मंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद का अंशकालिक सदस्य नियुक्त किया जाएगा|
  - NITI आयोग के सदस्य बीबेक देबराय की अध्यक्षता वाली, EAC-PM में NITI आयोग के प्रधान सलाहकार, रतन वाटल और अर्थशास्त्री सुरजीत भल्ला शामिल हैं|
  - शमिका इंडियन स्कूल ऑफ बिज़नेस में अर्थशास्त्र के विज़िटिंग प्रोफेसर भी हैं|
- **श्रीरंगम मंदिर को मिला UNESCO पुरस्कार**
  - तमिलनाडु के तिरुच्चिरापल्ली के श्रीरंगम मंदिर को सांस्कृतिक विरासत संरक्षण के लिए मेरिट 2017 का UNESCO एशिया पसेफिक मेरिट 2017 पुरस्कार दिया गया है|
  - मंदिर के पुनर्निर्माण में पारंपरिक पद्धतियों का इस्तेमाल और वर्षा जल संचयन और ऐतिहासिक जल निकासी प्रणाली की पुन: स्थापना, पुरस्कार पाने के मुख्य कारण थे|
  - इस प्रतिष्ठित पुरस्कार को प्राप्त करने वाला यह तमिलनाडु का पहला मंदिर बन गया है|
- **कृष्णा सोबती को 2017 ज्ञानपीठ पुरस्कार**
  - इस वर्ष के ज्ञानपीठ पुरस्कार के लिए प्रसिद्ध हिन्दी साहित्यिकार कृष्ण सोबती को चुना गया है|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- पाकिस्तान के पंजाब प्रांत स्थित गुजरात में 1925 में जन्मी, सोबती अपने लेखन में नए प्रयोग करने के लिए जानी जाती हैं| उनकी कहानियों के पात्र "बोल्ड" और "साहसी" होते हैं और सभी चुनौतियों को स्वीकार करने के लिए तैयार होते हैं|
- उनकी भाषा हिंदी, उर्दू और पंजाबी संस्कृतियों से मिश्रण से प्रभावित थी|

- **टाटा पॉवर सोलर को पुरस्कार**
  - टाटा पॉवर सोलर ने 'डन एंड ब्रैडस्ट्रीट - एवरेस्ट इन्फ्रा अवार्ड 2017' जीता है|
  - यह पुरस्कार, आंध्र प्रदेश के अनंतपुर में NTPC के लिए घरेलू आवश्यकता के तहत भारत की सबसे बड़ी सौर परियोजना को चालू करने के लिए दिया गया|
  - 100 मेगावाट की परियोजना से प्रति वर्ष लगभग 160 मिलियन यूनिट ऊर्जा उत्पन्न होने और पहले वर्ष में लगभग 110,000 टन CO2 के समावेशन में मदद की उम्मीद है|
- **एयर न्यूज़ीलैंड: एयरलाइन ऑफ़ द इयर**
  - एयर न्यूज़ीलैंड को 2018 के लिए 'एयरलाइन ऑफ़ द इयर' नामित किया गया है|
  - AirlineRatings.com ने एयरलाइन को लगातार पांचवें वर्ष अपने सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित किया है|
  - एयरलाइन एक्सलेंस अवार्ड्स, एयरलाइंस को 12 महत्वपूर्ण मानदंडों पर रैंक देती है, जिनमें फ्लाइट की उम्र, यात्री समीक्षा, लाभप्रदता, निवेश रेटिंग, उत्पाद पेशकश और कर्मचारी संबंध शामिल हैं|
- **1 दिसंबर से वोईस कॉल बंद कर देगा RCom**
  - रिलायंस कम्युनिकेशंस, 1 दिसंबर 2017 से वोईस कॉल सेवा बंद कर देगा और इसके ग्राहक 2017 के अंत तक अन्य नेटवर्क पर जा सकते हैं|
  - यह अपने ग्राहकों को केवल 4G डेटा सेवाएं प्रदान करेगा|



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- RCom के प्रमुख अनिल अंबानी हैं| RCom सिस्टेमा श्याम टेलीसर्विसेज के CDMA नेटवर्क का उन्नयन करेगा, जिसे 4G सेवाओं को प्रदान करने के लिए इसके साथ विलय कर दिया गया है| यह करीब 46,000 करोड़ रुपये के क़र्ज़ में है|

- **पेटीएम ने किया 'इनबॉक्स' मैसेजिंग' मंच का अनावरण**
    - डिजिटल भुगतान प्रदाता, पेटीएम ने 'इन-चैट' भुगतान करने के विकल्प के साथ अपने मैसेजिंग मंच का अनावरण किया|
    - यह सेवा उपयोगकर्ताओं को दोस्तों और परिवार के साथ चैट करते समय पैसे भेजने और मंगाने की सुविधा देगा|
    - यह मंच एंड-टू-एंड एन्क्रिप्ट किया गया है जिससे उपयोगकर्ता निजी बातचीत कर सकते हैं और ग्रुप चैट बना सकते हैं| वे तुरन्त फोटो और वीडियो और लाइव लोकेशन साझा कर सकते हैं|
- **पहला साइबर अपराध बीमा कवर**
    - बीमा कंपनी बजाज अलियांज ने साइबर अपराध के व्यक्तिगत शिकार व्यक्तियों के लिए भारत का पहला बीमा कवर पेश किया है|
    - इस पॉलिसी के तहत, ऑनलाइन धोखाधड़ी, पहचान की चोरी, साइबर धोखाधड़ी और जबरन वसूली, फ़िशिंग और मैलवेयर हमले के विरूद्ध बीमा कवर प्रदान किया जाएगा|
    - इस पॉलिसी के लिए बीमा राशि 1 लाख से लेकर 1 करोड़ तक की होगी|
- **IPPB अप्रैल तक शुरू करेगा संचालन**
    - भारत डाक पेमेंट बैंक, अप्रैल 2018 तक देशव्यापी संचालन शुरू करेगा|
    - इसकी शाखाएं 650 जिलों में खोली जाएँगी और ग्रामीण डाकघर से जोड़ी जाएँगी|


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE
CURRENT AFFAIRS
GET IT ON
Google Play

TESTBOOK PREMIUM
12 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹599/-
testbook

- वर्तमान में IPPB की रायपुर और रांची शाखाएं चालू हैं| यह व्यक्तियों और छोटे व्यवसायों से प्रति खाते 1 लाख रुपये तक जमा स्वीकार कर सकता है|
- IPPB के अलावा, एयरटेल और पेटीएम ने इस वर्ष पेमेंट बैंक की शुरुआत की है|

- **कमजोर DCCB के विलय के अध्ययन के लिए पैनल**
  - महाराष्ट्र सरकार ने महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (MSC) बैंक के साथ आर्थिक रूप से कमजोर जिला केंद्रीय सहकारी बैंकों (DCCB) का विलय करने की व्यवहार्यता का अध्ययन करने के लिए एक समिति बनाई है|
  - नाबार्ड के पूर्व अध्यक्ष यशवंत थोरट की अध्यक्षता वाली समिति, एक महीने की अवधि में अपनी रिपोर्ट पेश करेगी|
  - DCCB, ग्रामीण स्तर के PACS को फसल ऋण का भुगतान करते हैं, जो किसानों को ऋण देते हैं|
- **सड़क हादसों के पीड़ितों के लिए नि: शुल्क उपचार: केरल**
  - केरल ने राज्य में एक आघात-देखभाल योजना तैयार करने का निर्णय लिया है जिसमें पहले 48 घंटे के लिए दुर्घटनाग्रस्त व्यक्तियों को मुफ्त आपातकालीन देखभाल और उपचार प्रदान किए जाएंगे|
  - किसी अस्पताल द्वारा किए गए आपातकालीन देखभाल के खर्चों का भुगतान सरकार करेगी|
  - आपातकाल के लिए दुर्घटना के शिकार या उसके रिश्तेदारों से कोई पैसा नहीं लिया जाना चाहिए|
- **बिहार में शुरू हुआ सोनपुर पशु मेला**


CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play

TESTBOOK PREMIUM
1 MONTH SUBSCRIPTION PLAN
1200+ MOCK TESTS
₹99/-
testbook

- बिहार में आयोजित सोनपुर मेला, एशिया में सबसे बड़े पशु मेलों में से एक है| महीने भर चलने वाला यह मेला हर वर्ष नवंबर में आयोजित किया जाता है|
- 'क्षेत्र मेला' के नाम से मशहूर इस मेले का मूल, मुग़ल युग माना जाता है|
- सोनपुर मेला, मुख्य रूप से एशिया भर के पशु व्यापारियों को आकर्षित करता है| कुत्तों, भैंस, गधों, टट्टू की कुछ नस्लों सहित कई कृषि पशुओं को भी इस मेले में प्रदर्शित किया और बेचा जाता है|

- **"रामायण सर्किट" पर सम्मेलन**
  - जनकपुर में 3-4 नवंबर को "रामायण सर्किट और मिथिला-अवध संबंध" पर एक दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया|
  - भारत और नेपाल के प्रख्यात विशेषज्ञों और शिक्षाविदों ने दोनों देशों के बीच वर्षों पुराने सांस्कृतिक संबंधों को और मजबूत करने पर बल दिया|
  - सम्मेलन के दौरान, जनकपुर और अयोध्या के बीच बस और ट्रेन सेवा के प्रक्षेपण सहित 11 प्रस्तावों को अपनाया गया|
- **दीन दयाल SPARSH योजना**
  - संचार मंत्री श्री मनोज सिन्हा ने स्कूली बच्चों के लिए, दीन दयाल SPARSH योजना नामक एक देशव्यापी छात्रवृत्ति कार्यक्रम शुरू किया|
  - SPARSH का अर्थ, 'स्कालरशिप फॉर प्रमोशन ऑफ़ ऐप्टीट्युड ऐंड रिसर्च इन स्टैम्प्स ऐज़ अ हौबी' है|
  - इसके तहत, कक्षा VI से IX के उन बच्चों को सालाना वार्षिक छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिनका अकादमिक रिकॉर्ड अच्छा है और जिन्हें डाक-टिकट संग्रहण का शौक है|

Attempt Current Affair Quiz - 5th November 2017



CURRENT AFFAIRS
FASTEST WAY TO PREPARE CURRENT AFFAIRS
GET IT ON Google Play